आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 11.02.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- 38वें राष्ट्रीय खेलों में आज उत्तराखंड ने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किये।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार राज्य में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा दे रही है।
- जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने आज देहरादून में वॉटर शेड यात्रा अभियान का शुभारंभ किया।
- उत्तराखंड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार घनानंद का निधन। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया।

राष्ट्रीय खेल

38 वें राष्ट्रीय खेलों में आज उत्तराखंड ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई है। प्रदेश के खिलाड़ियों ने कयाकिंग और कैनोइंग तथा जूडो में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किये। जूडो में उन्नति शर्मा ने 63 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कयाकिंग एक हजार मीटर हिट कैटेगरी में प्रभात कुमार ने और कैनोइंग 200 मीटर हिट महिला वर्ग में मीरा दास ने स्वर्ण पदक जीता। रेस वॉक में भी उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने दम दिखाया, जहां महिलाओं की 10 किलोमीटर रेस वॉक में शालिनी और पुरुषों की 20 किलोमीटर रेस वॉक में सूरज पंवार ने रजत पदक हासिल किया।

मलखंभ प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत ऊधमसिंह नगर जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम, चकरपुर में आज मलखंभ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में पहली बार योग और मलखंभ जैसे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में भी इसी प्रकार कार्य करती रहेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चकरपुर स्टेडियम में बॉक्सिग छात्रावास बनाने की घोषणा भी की।

मेगा स्टार्टअप

उच्च शिक्षा विभाग की ओर चलाई जा रही देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दून विश्वविद्यालय में आज से दो दिवसीय मेगा स्टॉर्टअप समिट शुरू हुआ। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि पलायन को रोकने के उद्देश्य से शुरू की गई देवभूमि उद्यमिता विकास योजना में बच्चों के बिज़नेस आइडिया को प्रोडक्ट में बदला गया और सात पेटेंट तैयार कर बाजार में उतारा गया। उन्होंने कहा कि यह महत्वाकांक्षी योजना बच्चों को आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

वॉटर शेड यात्रा

प्रदेश के जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने आज देहरादून में वॉटर शेड यात्रा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक जल स्रोतों के सूखने से घरेलू उपभोग और सिंचाई के लिए पानी की लगातार कमी हो रही है। खेतों की उत्पादकता घटना भी पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन का एक बड़ा कारण रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों और आम लोगों तक जलागम विकास के महत्व की जानकारी पहुंचाने और लोगों को वर्षा जल के संरक्षण के लिए प्रेरित करने के लिए प्रदेश में वॉटरशेड यात्रा अभियान शुरू किया गया है। श्री महाराज ने कहा कि वॉटर शेड यात्रा अभियान के तहत केंद्र सरकार के माध्यम से तैयार की गई यात्रा वैन गांव–गांव तक पहुंचेगी और लोगों को जल व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेगी।

घनानंद निधन

उत्तराखंड के प्रसिद्ध हास्य कलाकार घनानंद– घन्ना भाई का निधन हो गया। वे देहरादून स्थित एक अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती थे। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घनानंद के निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के फिल्म जगत और अभिनय के क्षेत्र में घनानंद के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। गौरतलब है कि श्री घनानंद का जन्म पौड़ी गढ़वाल के गगवाड़ा गांव में 1953 में हुआ था। उन्होंने कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत 1970 में रामलीलाओं में नाटकों से की थी। हास्य कलाकार घन्ना भाई ने 1974 में रेडियो और बाद में दूरदर्शन पर कई कार्यक्रम भी दिए। सुप्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी के कार्यक्रमों में घन्ना भाई का हास्य और व्यंग्य लोगों को खूब गुदगुदाते थे।घन्ना भाई ने वन विभाग में भी सेवाएं दी और इस दौरान वर्ष 2022 में पौड़ी विधानसभा से चुनाव भी लड़ा, लेकिन वे तब हार गए थे। घन्ना भाई ने कई गढ़वाली फिल्म और म्यूजिक एलबम में काम किया है। 'घर जवें' फिल्म से उन्हें खासी लोकप्रियता मिली थी।

राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, रूस के छात्रों और संकाय सदस्यों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने छात्रों

से संवाद किया और उनके अनुभवों के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ वेटरनरी मेडिसिन के बीच हुए समझौते को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे छात्र विनिमय कार्यक्रम, अनुसंधान परियोजनाएं और शैक्षणिक संवाद को मजबूती मिलेगी। राज्यपाल ने इस सहयोग को शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान–आधारित प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए भविष्य में और अधिक छात्र–शिक्षक आदान–प्रदान को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। गौरतलब है कि रूस के छात्रों और संकाय सदस्यों का 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 5 फरवरी से 16 फरवरी तक गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर के शैक्षणिक भ्रमण पर है। वे यहां वेटरनरी एंड एनिमल साइंस कॉलेज में संकाय सदस्यों के साथ चर्चा और शोध व तकनीकी जानकारियों का आदान–प्रदान कर रहे हैं। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच पशु चिकित्सा विज्ञान में शोध व प्रशिक्षण को सुदृढ़ करने के लिए एमओयू किया गया है।

गांजा गिरफ्तार

अल्मोड़ा पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 140 किलो गांजे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कुल कीमत 35 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने बताया कि एसओजी और देघाट टीम तथा भतरौजखान पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में यह बड़ी सफलता हासिल की।

सुरक्षित इंटरनेट दिवस

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर आज चमोली, रुद्रप्रयाग, चम्पावत और पिथौरागढ़ में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विद्यालयों के अध्यापकों और छात्रों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर ठगी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग ईमेल, अज्ञात लिंक पर क्लिक ना करने और साइबर सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया गया।